A Tale Of Two Kittens

दो बिल्ली के बच्चों की कहानी

Kathy Keirle Ali, कैथी कीर्ल अली

Illustrated by Adeel-uz-Zafar, चित्र: अदील-उज़-ज़फ़र

हिंदी: अरविन्द गुप्ता

That night there was a terrible storm.

A storm so terrible that trees bent and quivered, buildings shook and shivered and the wicked wind whirled around the town, picking up anything in its way.

"What's this?" whistled the wind as it spun towards a ginger kitten, snatching her up and tossing her high in the air.

"More fun!" roared the wind as it chased after a grey kitten, snapping at his heels and palling his tail. By the time the wind grew weary of the game, both kittens had been blown far from home.

उस रात भयंकर तूफ़ान आया.

तूफ़ान इतना भयानक था कि पेड़ हिलने लगे और झुक गए, इमारतें कांपने लगीं और दुष्ट हवा का बवंडर शहर में ज़ोर से चारों ओर घूमा और वो अपने रास्ते में आने वाली हर चीज़ को उठाकर ले गया.

"यह क्या है?" हवा ने सीटी बजाई और फिर वो पीली बिल्ली के बच्चे की ओर घूमी, हवा ने उसे झपट लिया और फिर हवा में उछाला.

"क्या मस्ती!" हवा गरजते हुए एक सिलेटी बिल्ली के बच्चे का पीछा कर रही थी. वो बिल्ली की एड़ियों के पास थी और उसकी पूंछ पकड़ रही थी. जब तक हवा अपने खेल से थकी, तब तक दोनों बिल्लियों के बच्चे अपने घर से बहुत दूर उड़ चुके थे.

"I’m so lost," sobbed one kitten as it licked an injured paw.

"I'm so scared," wept the other. "It’s dark and I can't find my way home."

"मैं कहीं खो गई हूं," एक बिल्ली के बच्चे ने रोते हुए कहा. वो अपने घायल पंजे को चाट रहा था.

"मैं बहुत डरी हुई हूं," दूसरी रोई. अंधेरा हो गया है और मैं घर पहुंचने का रास्ता नहीं ढूंढ पा रही हूं."

But, in the distance sounds could be heard. "Miaow!" The ginger kitten turned her ears towards the east.

"Miaow!" The grey kitten turned his ears to the west. They each followed the sound of the miaows, until they were found.

लेकिन कहीं दूर से "मियाऊं!" की आवाजें सुनाई दे रही थीं. पीली बिल्ली के बच्चे ने अपने कान पूर्व की ओर किए.

"मियाऊं!" सिलेटी बिल्ली के बच्चे ने अपने कान पश्चिम की ओर किए. उन दोनों ने “मियाऊं” की आवाज़ का पीछा किया और अंत में वे दोनों मिल गए.

"Thank goodness!" cried the ginger kitten in delight, as she felt the warmth of cats as they rubbed against her and led her to safety.

"I have been rescued!" said the grey kitten as he was licked from ear to paw in welcome.

Both kittens slept easily that night, soothed by familiar smells and purrs.

"अच्छा हुआ!" पीली बिल्ली का बच्चा खुशी से चिल्लाया. क्योंकि जब बिल्लियों ने उसकी त्वचा को रगड़ा तो उसे गर्मी महसूस हुई. बिल्लियां उसे एक सुरक्षित स्थान पर ले गईं.

"मैं बच गई!" सिलेटी बिल्ली के बच्चे ने कहा जब बिल्लियों ने स्वागत में उसका कान चाटा.

उस रात दोनों बिल्ली के बच्चे परिचित माहौल और गंध में आराम से सोए.

But... when the new day dawned.

“Look!" cried a grey cat in alarm when he woke up and saw the ginger kitten. The other cats looked, rubbed their eyes and looked again. The kitten wasn't grey.

लेकिन...जब नया दिन निकला.

"देखो!" जब एक सिलेटी रंग वाले बिल्ली सुबह को उठी और उसने पीली बिल्ली के बच्चे को देखा तो वो घबराकर चिल्लाई. अन्य बिल्लियों ने भी देखा, अपनी आँखें मलीं और फिर से देखा. वो बिल्ली का बच्चा सिलेटी नहीं था.

"Did you lose your coat in the storm my dear?" asked one kindly cat. "We will help you look for it."

The cats searched up and down and down and up but no coat of grey could be found. The cats were puzzled.

"क्या तुमने तूफ़ान में अपना कोट (फर) खो दिया मेरे प्रिय?" एक दयालु बिल्ली ने पूछा. "हम उसे ढूंढने में तुम्हारी मदद करेंगे."

बिल्लियों ने ऊपर-नीचे, नीचे-ऊपर सब जगह खोजा लेकिन उन्हें सिलेटी रंग का कोई कोट नहीं मिला. बिल्लियां काफी हैरान हुईं.

"What happened to your fur?" shrieked the eldest ginger cat when she saw the kitten lying next to her. "Why are you so grey?"

The other cats crowded around and looked in amazement.

"तुम्हारे कोट (फर) को क्या हुआ?" सबसे बड़ी पीली बिल्ली चिल्लाई जब उसने बिल्ली के बच्चे को अपने बगल में लेटा हुआ देखा. "तुम इतनी सिलेटी क्यों हो?"

अन्य बिल्लियाँ ने चारों ओर भीड़ लगाई और वे आश्चर्य से देखने लगीं.

"He's so dirty!" a naughty kitten remarked. All the cats began licking the kitten with their sandpaper tongues. They licked and licked and licked until his coat was bright and shiny. But it remained grey. The cats were confused.

"वो बहुत गंदी है!" एक शरारती बिल्ली के बच्चे ने टिप्पणी की. फिर सभी बिल्लियां अपनी रेगमाल जैसी जीभों से बिल्ली के बच्चे को चाटने लगीं. वे तब तक उसे चाटती रहीं जब तक उसका कोट चमकीला नहीं हो गया. लेकिन उसका रंग सिलेटी ही रहा. उससे बिल्लियां भ्रम में पड़ गईं.

After a while the eldest cat stepped forward.

"This animal is not one of us!" she declared with a frown on her face.

"Not one of us " echoed the others.

"It comes from the other side."

"FROM THE OTHER SIDE!" yelled the cats, jumping back in alarm.

"B-b-but those e-creatures... f-f-from the other s-s-side. T-t-they are m-m-monsters!" stuttered one cat from behind the wait.

थोड़ी देर बाद सबसे बड़ी बिल्ली आगे आई.

"यह जानवर हममें से एक नहीं है!" उसने चेहरे पर झुंझलाहट के साथ घोषणा की.

"वो कोई और है," दूसरों ने उसी बात को दोहराया.

"वो जीव दूसरी तरफ से आया है."

"दूसरी तरफ से!" बिल्लियां चिल्लाईं और घबरा कर उछल पड़ीं.

"बी-बी-लेकिन वे प्राणी... दूसरी तरफ के प्राणी ..... वे राक्षस! हैं" पीछे से एक बिल्ली हकलाते हुए बोली.

"They eat anything that moves!" said a very fat cat.

"And they are dirty and smelt really awful!" added another, wrinkling up her nose.

The cats looked again at the grey kitten that sat wide-eyed before them.

"वे हर हिलती-डुलती चीज़ को खाते हैं!" एक बहुत मोटी बिल्ली ने कहा.

"और वे गंदे हैं और उनकी गंध सचमुच बहुत भयानक है!" अपनी नाक सिकोड़ते हुए दूसरी बिल्ली ने जोड़ा.

बिल्लियों ने फिर से उस सिलेटी बिल्ली के बच्चे की ओर देखा जो उनके सामने बड़ी-बड़ी आँखें करके बैठी थी.

They all agreed.

The grey kitten was sent away.

सभी बिल्लियां सहमत हुईं.

फिर उन्होंने सिलेटी बिल्ली के बच्चे को वापिस भेज दिया.

Small and alone, the kitten crept off towards the park.

He looked back at the cats sneering and snarling at him and was scared.

वो छोटा और अकेला, बिल्ली का बच्चा पार्क की ओर चला गया.

जब उसने पीछे मुड़कर देखा तो पाया कि बाकी बिल्लियां उस पर तानेकशी कर रही थीं और गुर्रा रही थीं. उससे वो डर गया.

At long lost, the kitten found his way home.

"Where have you been?" asked his father, "we've been so worried!"

"The storm blew me to the other side."

"B-b-but m-monsters live on t-t-the other s-s-side," stuttered one kitten from behind the tree trunk.

“Stinky, dirty monsters," added another. "The worst you have ever seen."

"It must have been terrible," said a motherly cat. "What did they do to you?"

"Nothing at first. But when they realised I was different to them, they became nasty. They called me a monster and sent me away. I was so frightened!"

"You, a monster? How ridiculous!" said the kitten's mother. "How could they have been so horrible to a little kitten like you?"

काफ़ी देर तक भटकने के बाद, बिल्ली के बच्चे को अपने घर का रास्ता मिला.

"तुम इतनी देर से कहां थीं?" उसके पिता से पूछा, "हम तुमको लेकर बहुत चिंतित थे!"

"तूफान ने मुझे दूसरी तरफ उड़ा दिया था."

"लेकिन दूसरी ओर तो राक्षस रहते हैं," पेड़ के तने के पीछे से एक बिल्ली का बच्चा हकलाया.

"बदबूदार, गंदे राक्षस," दूसरे ने कहा. "वैसे भयानक राक्षस आपने पहले कभी नहीं देखे होंगे."

"वो तुम्हारे लिए बहुत भयानक अनुभव रहा होगा," एक दयालु बिल्ली ने कहा. "उन्होंने तुम्हारे साथ कैसे सलूक किया?"

"पहले तो सब ठीक था. लेकिन जब उन्हें एहसास हुआ कि मैं उनसे अलग हूं, तो वे चिढ़ गए. उन्होंने मुझे राक्षस बुलाया और दूर भेज दिया. मैं बहुत डर गई थी!"

"तुम, एक राक्षस? यह कितनी हास्यास्पद बात है!" बिल्ली के बच्चे की माँ ने कहा. "उन्होंने तुम्हारी जैसी छोटे बिल्ली के साथ इतना भयानक सलूक कैसे किया?"

But as soon as she had spoken the words, she remembered.

"I think we have made a terrible mistake," she said. But she didn't need to explain. All the cats were looking down at their paws in shame. They remembered the morning when they had found the ginger kitten and had called it all sorts of names. They too had sent it away.

"We called that kitten a monster just because she was different to us."

"When I woke after being rescued from the storm, I was shocked to see such strange coloured creatures," said the kitten. "But then I realised that they were cats like us, only a different colour. There was a fat one just like Chota, and a kind cat like Aunty. One even had a tail just like mine! Perhaps if we went to the other side, you could see for yourself."

लेकिन जैसे ही उसने ये शब्द कहे, उसे कुछ याद आया.

उसने कहा, "मुझे लगता है कि हमने भी एक भयानक गलती की थी." लेकिन उसे बाकी बिल्लियों को समझाने की जरूरत नहीं पड़ी. सभी बिल्लियां शर्म से अपने नीचे देखने लगीं. उन्हें वो सुबह याद आई जब उन्हें पीली बिल्ली का एक बच्चा मिला था और उन्होंने उसे तरह-तरह के नामों से बुलाया था. उन्होंने भी उसे इसी तरह बेइज्जत करके निकाला था.

"हमने उस बिल्ली के बच्चे को सिर्फ इसलिए राक्षस बुलाया क्योंकि वो हमसे कुछ अलग थी."

"तूफान से बचने के बाद जब मैं उठी, तो मैं उन अजीब रंग के जीवों को देखकर हैरान रह गई," बिल्ली के बच्चे ने कहा, "लेकिन तब मुझे एहसास हुआ कि वे भी हमारी तरह की बिल्लियां ही थीं, उनमें से केवल एक अलग रंग की थी. एक बिल्ली बिल्कुल छोटी और मोटी थी, और दूसरी आंटी जैसी दयालु बिल्ली थी. एक बिल्ली की पूंछ बिल्कुल मेरी तरह थी! शायद अगर हम दूसरी तरफ जाते, तो हम खुद अपने आपको देख सकते थे."

And so it was decided. The cats set off, with the kitten leading the way.

But when they reached the middle of the park...

Their noses itched, their ears twitched, and their tails swished from side to side.

Paw by paw they moved forward, fascinated by what they saw.

और फिर उसके बाद एक निर्णय लिया गया. सभी बिल्लियां चल पड़ीं. बिल्ली का बच्चा सबसे आगे था.

लेकिन जब वे पार्क के बीच में पहुँचे तो ...

उनकी नाकों में खुजली आने लगी, उनके कान फड़कने लगे और उनकी पूंछ इधर-उधर हिलने लगी.

फिर वे एक-एक पंजा करके आगे बढ़ीं, लेकिन आगे उन्होंने जो कुछ भी देखा उसने उन्हें मंत्रमुग्ध का दिया.

The two groups of cats looked at each other, then looked some more.

बिल्लियों के दो समूहों ने एक-दूसरे को देखा, फिर उन्होंने एक-दूसरे को देर तक घूरा.

These were not monsters, but cats, just like them.

Well ... almost!

ये राक्षस नहीं, बिल्लियां थीं, बिल्कुल उन्हीं की तरह.

हां लगभग!